जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर, मंगलवार 23 दिसम्बर, 2025

## अरावली पर्वतमाला को बचाने सर्व समाज सहित कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- पुलिस के साथ नोकझोंक के बीच दी गिरफ्तारियां
- अरावली संरक्षण के लिए सरकार से मांग की, कहा-अरावली हमारी जीवन रेखा

**उदयपुर,** (कासं)। अरावली पर्वतमाला को लेकर सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश आने के बाद देश के कई भागों में विरोध तेज हो गया है। सबस ज्यादा विरोध और आक्रोश मेवाड सहित राजस्थान में देखने को मिल रहा है। सोमवार को उदयपुर में जिला कलेक्ट्री बाहर उग्र प्रदर्शन हुआ। इसमें कांग्रेस सहित कई संगठनों, समाजों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। यहां लोगों ने गिरफ्तारियां भी दी।

इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झडप की स्थिति भी बन गई जिसके बाद पुलिस कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर बसों में बैठाकर ले गई।पिछले कई दिनों से मेवाड अंचल में लगातार आंदोलन चल रहा है। सोमवार को भी शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों से भी लोग विरोध दर्ज कराने पहुंचे। विरोध कर रहे कई लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी गिरफ्तारियां भी दीं।उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अरावली की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने सरकार से अरावली संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

सुप्रीम कोर्ट के नए आदेश से संकट में आयी अरावली की पहाडयिों को बचाने आज उदयपुर में बडी संख्या में पर्यावरण प्रेमी कलेक्ट्री बाहर एकत्र हुए। इसमें कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भी शामिल थे। इन लोगों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और अरावली संरक्षण के लिए आवाज उठायी। इन लोगों का कहना था कि अरावली केवल पहाडयिां नहीं है बल्कि अरावली एक जीवन रेखा है। इसको नष्ट किया गया तो मानव जीवन अपने आप ही नष्ट हो जाएगा। अरावली की जो नई परिभाषा तय की गई है वह न्यायौचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में पुनर्विचार करना चाहिए।

इस आंदोलन में सर्व समाज के लोगों के साथ कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राजस्थान सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि अरावली हमारी मां है इसे नहीं मिटने देंगे।अरावली बचाओ,भविष्य बचाओ जैसे नारों से कलेक्ट्री परिसर गूंजता रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अरावली केवल पहाडों की श्रृंखला नहीं, बल्कि मेवाड की जीवनरेखा,इतिहास और सांस्कृतिक पहचान है।

कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष फतेह सिंह राठौड ने बताया कि अरावली के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बदलना ही होगा, अरावली से हमारा गहरा इतिहास और नाता रहा है। समय.समय पर अरावली ने हमें बडी आपदाओं से बचाया है। अगर अरावली खत्म हो गई तो वन्य जनजीवन समाप्त हो जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि खनन और अन्य गतिविधियों के कारण अरावली को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है,जिससे पर्यावरण, जलस्तर और आने वाली पीढयिों का भविष्य खतरे में है। उदयपुर में अरावली बचाने की मांग पर जोरदार प्रदर्शनः कलेक्ट्रेट के बाहर कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच हल्की झडप, गिरफ्तार कर बस में बिठाकर ले गई ,जिन्हें कुछ दूर ले जा कर छोड़ दिया गया।

## निरीक्षण किया

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने जिला परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला परिषद के विभिन्न कक्षों में जाकर संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की। उन्होंने सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने सहित निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला कलक्टर डॉ. यादव ने ठााम पंचायत कार्यालय बड़वी का औचक निरीक्षण कर पंचायत भवन की स्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था एवं अभिलेखों के संधारण का अवलोकन किया। पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। कलक्टर ने ग्राम पंचायत वाडगुन द्वारा निर्माण करवाए जा रहे राउमावि वाडगुन घाटोल में निर्माणाधीन दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष का निरीक्षण करते हुए निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

## सेनेटरी नैपकिन आपूर्ति बहाल करने की मांग

**डूंगरपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए उडान योजनांतर्गत सेनेटरी नैपकिन की आपूर्ति तत्काल शुरू करने की मांग की है।

संगठन का कहना है कि सत्र का आधा समय और अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं बीत जाने के बावजूद योजना के तहत एक बार भी सेनेटरी नैपकिन की सप्लाई नहीं हो सकी है, जिससे बालिकाओं को असहजता और मानसिक पीडा का सामना करना पड रहा है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.ऋषिन चौबीसा, जिला अध्यक्ष शंकरलाल कटारा, जिलामंत्री सुदर्शन सिंह चौहान एवं जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेशभर में कक्षा 6 से 12 तक कुल 24 लाख 31 हजार 936 बालिकाएं तथा डूंगरपुर जिले में 84 हजार 369 बालिकाएं सप्लाई ठप्प होने से प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि उडान योजना का उद्देश्य ही यह था कि किसी भी बालिका को आर्थिक कारणों से समझौता न करना पडे,लेकिन लगातार आपूर्ति नहीं होने से योजना के उद्देश्य पर सवाल खडे हो रहे हैं। संगठन ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि सेनेटरी नैपकिन की आपूर्ति तत्काल शुरू की जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए समयबद्ध और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए। इस मांग का समर्थन करते हुए संगठन के मंडल उपाध्यक्ष देवीलाल पाटीदार, प्रवीण जैन, बलवंत बामणिया, दिलीप सिंह, भारत सिंह, दिनेश मीणा, गोविंद कुंवर चौहान, मनोहरलाल मीणा, मोहन यादव, सुखराम,दिनेशचंद्र रेबारी, कमलेश भगोरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी शीघ्र आपूर्ति शुरू करने की मांग की है।

## रजब की चांद रात पर उमड़े जायरीन

**कपासन,** (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रजब माह की चाँद रात के मौके पर आशिके दीवाना व जायरीने दीवाना का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

दरगाह ऑफिस सेकेट्री शफी मोहम्मद छीपा के अनुसार रविवार को चन्द्र दर्शन के मौके पर सुबह से ही जायरीने दीवाना की आवक शुरू हो गई। दर्शन हेतु बुलन्द दरवाजा तक लम्बी-लम्बी कतारे लगी। मेला ग्राउण्ड मे 300 से उपर अस्थाई दुकाने लगी। मिलाद ख्वाह ने महफिले मिलाद पड़ी व कव्वालों ने बारी-बारी से अपने कलाम पेश कर दाद बटोरी।

## मनरेगा योजना का नाम बदलने पर फूटा-आक्रोश

- गांधीजी की फोटो के साथ प्रदर्शन कर की नारेबाजी

**डूंगरपुर।** कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में किया,जिसमें कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीरें लेकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने राज्य सरकार पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलने का भी आरोप लगाया।

यह प्रदर्शन कांग्रेस के प्रदेशव्यापी आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था। इसमें कांग्रेस विधायक और जिलाध्यक्ष गणेश घोघरा, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद,नारायण पंड्या सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित हुए।

जिलाध्यक्ष गणेश घोघरा ने आरोप लगाया कि देश और प्रदेश में भाजपा सरकार आम जनता, गरीब,दलित और पिछडे वर्ग को दबाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद करने या उनके नाम बदलने के अलावा कोई नया काम नहीं किया है। उन्होंने महात्मा गांधी,राजीव गांधी और इंदिरा गांधी के नाम पर चल रही योजनाओं के नाम बदलने का जिक्र किया,लेकिन यह भी कहा कि सरकार रोजगार देने के लिए कोई नई योजना शुरू नहीं कर पाई है।

घोघरा ने भाजपा पर महात्मा गांधी के नाम से नफरत करने और नाथूराम गोडसे की विचारधारा का समर्थन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सोच को दर्शाता है,जबकि कांग्रेस हमेशा गांधीजी के आदर्शों और विचारधारा पर चलती रही है।

## जॉब कार्ड मिलने पर खिले चेहरे

**बांसवाड़ा,** (निसं)। शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियानों की सार्थकता ग्राम पंचायत रैयाना में आयोजित समस्या समाधान शिविर में देखने को मिली। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक ही राहत प्रदान करना था। शिविर के दौरान प्रार्थी महेश चंद्र अपनी समस्या लेकर अधिकारियों के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि उनका मनरेगा जॉब कार्ड कहीं गुम हो गया है जिसके कारण उन्हें रोजगार संबंधी कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और वे चिंतित थे। प्रार्थी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शिविर में मौजूद प्रशासनिक अमले ने तत्काल कार्यवाही शुरू की।

## दस दिवसीय मुख स्वास्थ्य अभियान की हुई शुरुआत

**उदयपुर,** (कासं)। दंत चिकित्सक दिवस के अवसर पर गीतांजलि डेंटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, उदयपुर द्वारा दिनांक 22 से 31 दिसंबर तक दस दिवसीय मुख स्वास्थ्य अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संस्थान परिसर में निःशुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित होगा। यह शिविर सोमवार से शनिवार, प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित रहेगा। शिविर अवधि में आमजन को निःशुल्क दंत जांच के साथ-साथ विभिन्न दंत उपचारों पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी।

अभियान के अंतर्गत जीडीआरआई स्माइल उदयपुर पहल के माध्यम से विद्यालय गोद लेने का कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। इस ऋम में विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क दंत जांच एवं मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यऋम आयोजित किए जाएंगे, जिससे बच्चों में प्रारंभ से ही सही दंत स्वच्छता की आदतों को बढावा मिल सवे इसके अतिरिक्त समाज के विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखते हुए अनेक आउटरीच गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। इनमें विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य लक्षित जनसमूहों के लिए मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यऋम शामिल हैं, जिनका उद्देश्य दंत रोगों की समय पर पहचान एवं रोकथाम को प्रोत्साहित करना है। गीतांजलि डेंटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ. बालाजी मनोहर ने बताया कि विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों की टीम इस पूरे अभियान के दौरान सेवाएं प्रदान करेगी। संस्थान ने उदयपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस मुख स्वास्थ्य अभियान का लाभ उठाकर अपने दांतों एवं मुख स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं


